
# संख्याओं का बढ़ता तथा घटता क्रम

आओ देखें ३६, २३, १७, इन संख्याओं को बढ़ते क्रम में कैसे लिखेंगे ।

प्रथम (३६, २३) (२३, १७) (३६, १७) इन जोड़ियों को परखें ।




- २३ < ३६, १७ < २३ और १७ < ३६ । अर्थात् १७ यह सबसे छोटी संख्या है । १७ को काटें तथा इस संख्या को पट्टीपर लिखेंगे ।
- शेष संख्या २३ तथा ३६ हैं । इन संख्याओं में २३ छोटी संख्या है इसलिए २३ को काटें तथा यह संख्या १७ के बाद पट्टीपर लिखेंगे ।
- अंतिम संख्या ३६, इस बची संख्या को काटें तथा यह संख्या २३ के बाद पट्टी पर लिखेंगे ।



यह हुआ संख्याओं का बढ़ता क्रम !

उसे ऐसा लिखेंगे ।


१७ < २३ < ३६



उपरोक्त के आधार पर निम्न तीन - तीन संख्याओं में बढ़ता क्रम लगाओ ।

(१) २५, १२, ५४ (२) ६७, ९, ३२ (३) ४४, ९२, ३०

३६, २३, ४८ इन संख्याओं का घटता क्रम किस प्रकार लगाएंगे उसे देखेंगे ।




- ३६, २३ तथा ४८ इनका अवलोकन कर बड़ी संख्या निश्चित करें । सबसे बड़ी संख्या ४८ है उसे पट्‌टी पर लिखेंगे ।
- अब बाकी संख्याओं में से बड़ी संख्या निश्चित कर उसे संख्यारेखा पर रेखा काटें तथा वह संख्या ४८ के बाद पट्‌टीपर लिखेंगे ।
- अंतिम बच गयी संख्या पर को काटें तथा उस संख्या को पट्‌टीपर अंत में लिखेंगे ।



यह हुआ संख्याओं का घटता क्रम । उसे ऐसा लिखेंगे ।

४८ > ३६ > २३



**दी गयी संख्याओं को बढ़ते तथा घटते क्रम में लगाओ ।**

| संख्या | बढ़ता क्रम | घटता क्रम |
|---|---|---|
| २६, १९, ४७ | १९ < २६ < ४७ | ४७ > २६ > १९ |
| ६२, ८५, ५० | | |
| ३२, ९, १३ | | |
| ४३ < ६० <७६< ६० | ४३ < ६० < ७६ < ८९ | ८९ > ७६ > ६० > ४३ |
| १५, ९, ७५, ५२ | | |

**शिक्षकों के लिए सूचना**

शिक्षक संख्या कार्ड (अंक तथा अक्षरो में) बनाएँ तथा विद्‌यार्थियों को ३ या ४ कार्ड देकर उन्हें संख्याओं के बढ़ते तथा घटते क्रम में लिखने को कहें ।

2P87QP